प्रेस विज्ञप्ति थाना सहजनवां जनपद गोरखपुर दिनांक 15.09.2023

लूट एवं हत्या के आरोप में 02 अभियुक्त गिरफ्तार

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा अपराध पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी कैम्पियरगंज के पर्यवेक्षण में, थानाध्यक्ष सहजनवां के नेतृत्व में मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 446/2023 धारा 302/394/323 भा0द0सं0 से संबंधित अभियुक्तों 1. विधु महेश तिवारी पुत्र देवेन्द्रनाथ तिवारी निवासी ग्राम शहबाजगंज थाना सहजनवां जनपद गोरखपुर 2. सुरज पुत्र लक्ष्मन निवासी ग्राम नसी रजवल बाजार थाना पुरैना जनपद महराजगंज हाल मुकाम ग्राम शहबाजगंज थाना सहजनवां जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्त के पास से लूटी गयी 01 अदद रेडमी मोबाईल व 01 अदद घटना में प्रयुक्त कुदाल का बेंट बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 411 भा0द0सं0 की बढोत्तरी की गई। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का संक्षिप्त विवरणः-

अभियुक्त विधु महेश त्रिपाठी पुत्र डीएन त्रिपाठी द्वारा पैसे के लेने देन के विवाद को लेकर वादी के पिता से मोबाईल छीन लिया गया। वादी द्वारा विरोध करने पर अभियुक्त व उसके साथी सूरज द्वारा मिलकर कुदाल की बेंट से वादी व वादी के पिता योगेन्द्र कुमार त्रिपाठी के ऊपर प्राण घातक हमला किया गया। जिससे वादी व उसके पिता को गम्भीर चोटें आयी। घायलों को सी.एच.सी सहजनवां ले जाया गया डाक्टरों द्वारा उन्हें जिला अस्पताल गोरखपुर हेतु रेफर कर दिया गया। जहाँ पर जिला सदर अस्पताल गोरखपुर के डाक्टरों द्वारा परीक्षणोपरान्त वादी के पिता योगेन्द्र त्रिपाठी को मृत घोषित कर दिया गया।

गिरफ्तार किये गये अभियुक्तगण-

1. विधु महेश तिवारी पुत्र देवेन्द्रनाथ तिवारी निवासी ग्राम शहबाजगंज थाना सहजनवां जनपद गोरखपुर
2. सुरज पुत्र लक्ष्मन निवासी ग्राम नसी रजवल बाजार थाना पुरैना जनपद महराजगंज हाल मुकाम ग्राम शहबाजगंज थाना सहजनवां जनपद गोरखपुर

गिरफ्तारी के अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0 446/2023 धारा- 302/394/323/411 भा0द0सं0 थाना सहजनवा जनपद गोरखपुर

बरामदगी –

1. लूटी गयी एक अदद रेडमी मोबाईल नीले रंग
2. 01 अदद घटना में प्रयुक्त कुदाल का बेट.

गिरफ्तार करने वाली टीमः-

1. थानाध्यक्ष इत्यानन्द पाण्डेय थाना सहजनवां जनपद गोरखपुर
2. उ0नि0 श्री विकास मिश्रा थाना सहजनवां जनपद गोरखपुर
3. उ0नि0 श्री जितेन्द्र निर्मल थाना सहजनवां जनपद गोरखपुर
4. कां0 अनुज सिंह थाना सहजनवां जनपद गोरखपुर
5. कां0 अजय वर्मा थाना सहजनवां जनपद गोरखपुर
6. कां0 रूद्र सिंह थाना सहजनवां जनपद गोरखपुर
7. सुरेन्द्र रावत थाना सहजनवां जनपद गोरखपुर
8. कां0 संदीप कुशवाहा थाना सहजनवां जनपद गोरखपुर